1. सरल वाक्यों का संयुक्त वाक्यों में परिवर्तन :

सरल वाक्य

(i) मैं दूध पीकर सो गया।

(ii) वह पढ़ने के अलावा अखबार भी बेचता है।

(iii) मैंने घर पहुँचकर सब बच्चों को खेलते हुए देखा।

(iv) स्वास्थ्य ठीक न होने से मैं काशी नहीं जा सका।

(v) सवेरे तेज़ वर्षा होने के कारण मैं दफ़्तर देर से पहुँचा।

2. संयुक्त वाक्यों का सरल वाक्यों में परिवर्तन :

संयुक्त वाक्य

(i) पिताजी अस्वस्थ हैं इसलिए मुझे जाना ही पड़ेगा।

(ii) उसने कहा और मैं मान गया।

(iii) वह केवल उपन्यासकार ही नहीं अपितु अच्छा वक्ता भी है।

(iv) लू चल रही थी इसलिए मैं घर से बाहर नहीं निकल सका।

(v) गार्ड ने सीटी दी और ट्रेन चल पड़ी।

3. सरल वाक्यों का मिश्र वाक्यों में परिवर्तन :

सरल वाक्य

(i) हरसिंगार को देखते ही मुझे गीता की याद आ जाती है।

(ii) राष्ट्र के लिए मर मिटने वाला व्यक्ति सच्चा राष्ट्रभक्त है।

(iii) पैसे के बिना इनसान कुछ नहीं कर सकता।

(iv) आधी रात होते-होते मैंने काम करना बंद कर दिया।

Scanned by TapScanner